आकाशवाणी भोपाल

दिनांक 15.04.2025 समय: 2.10 PM

**अमरनाथ यात्रा**

वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीकरण कल से शुरू हो गए हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि तीर्थयात्री श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से 52 दिवसीय आगामी यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। सभी तीर्थयात्रियों के लिए पंजीकरण अनिवार्य है और ऊंचाई वाले दुर्गम पथ के लिए स्वास्थ्य की पुष्टि करने के लिए अधिकृत चिकित्सा निकाय द्वारा जारी अनिवार्य स्वास्थ्य प्रमाणपत्र -सीएचसी की आवश्यकता होती है। यात्रियों की संख्या का प्रबंधन करने के लिए, प्रति दिन केवल लगभग 15 हजार यात्रियों को ही अनुमति दी जाएगी। प्रत्येक तीर्थयात्री के लिए पंजीकरण शुल्क 220 रुपये है।

**अखिल भारतीय वनवासी ग्रामीण मजदूर महासंघ**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज रतलाम में सैलाना रोड स्थित विधायक सभागृह में अखिल भारतीय वनवासी ग्रामीण मजदूर महासंघ के दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन का उद्घाटन किया।

वनवासी ग्रामीण मजदूर संघ का 7वां अधिवेशन है । अधिवेशन में प्रदेश के अलावा महाराष्ट्र, गुजरात, छत्तीसगढ़, राजस्थान, उड़ीसा के करीब 300 प्रतिनिधियों के साथ भारतीय मजदूर संघ से संबंधित संगठनों के करीब 3 हजार श्रमिक शामिल हुए है।

**एनएचईए-2023**

छठा राष्ट्रीय राजमार्ग उत्कृष्टता पुरस्कार 2023 का आयोजन आज नई दिल्ली में हो रहा है। इस पुरस्कार का उद्देश्य राष्ट्रीय राजमार्ग के विकास में नवाचारी कार्य प्रणालियों को प्रोत्साहित करना और पेशेवर उत्कृष्टता को मान्यता देना है। एक दिन के इस कार्यक्रम में राजमार्ग निर्माण में उभरती प्रौद्योगिकियों, पहाडी तराई क्षेत्रों में अवसंरचना विकास जैसे मुख्य विषयों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विशेषज्ञ चर्चाएं कर रहे हैं. इसके माध्यम से भारतीय विनिर्माण कंपनियों की वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढावा दिया जायेगा।

**हज़-कोटा**

भारत से हज़ यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों का कोटा बढ़ाकर इस वर्ष एक लाख 75 हजार कर दिया गया है। 2014 में यह संख्या एक लाख 36 हजार थी। सोशल मीडिया पोस्ट में अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने बताया कि वह भारत की हज़ समिति के माध्यम से मुख्य कोटा के तहत एक लाख बाइस हजार से ज्यादा तीर्थयात्रियों की यात्रा का प्रबंध कर रहा है।

**ध्यान सत्र**

मध्यप्रदेश पुलिस एवं हार्टफुलनेस संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय ध्यान सत्र प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन कल हुआ। इस दौरान पुलिसकर्मियों को बेहतर स्वास्थ्य, एकाग्रता एवं मानसिक लाभ के लिए विभिन्न उपायों से अवगत कराया गया । इस अवसर पर मंत्रालय के मुख्य सुरक्षा अधिकारी अविनाश शर्मा सहित पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

**बैतूल खेल सम्मान**

बैतूल में वरिष्ठ खिलाडि़यों को खेल शिखर अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा। यह आयोजन वरिष्ठ खिलाड़ी संघ बैतूल और आहलूवालिया परिवार के संयुक्त प्रयास से हो रहा है। यह सम्मान समारोह 17 अप्रैल को स्थानीय मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक हेमंत खंडेलवाल उपस्थित रहेंगे, जबकि अध्यक्षता नगर पालिका बैतूल की अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर करेंगी।

**समाचार संक्षेप**

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा कल लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत मण्डला के ग्राम टिकरवारा में आयोजित कार्यक्रम में 1 हजार 250 रुपए की मासिक किस्त जारी की जाएगी.
- सतना सांसद गणेश सिंह ने सतना में बन रहे तीनों स्टेडियम का निरीक्षण किया और चौतरफा कमियों को देखकर नाराजगी जताई। उन्होंने समय पर काम पूरा कराने के निर्देश दिए.

- नर्मदापुरम जिले के पर्यटन स्थल सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें सभी वर्ग के लोग अपना योगदान दे रहे हैं।
- शिवपुरी जिले में 25 अप्रैल को ग्राम पंचायत सुरवाया में ग्राम न्यायालय का आयोजन किया जाएगा।
- और
- जबलपुर के बरगी थाना क्षेत्र में ग्राम निगरी के पास एक वाहन के नहर में गिर जाने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

...........................